# राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर, उ.प्र.-233001

( राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, बेंगलुरू द्वारा B++ ग्रेड से प्रत्यायित )

कार्यालय : 0548-2220363 आवास : 0548-2220839

मोबाइल : ..........................................

Website : www.gwpgc.ac.in

E-mail : ggpgc09@gmail.com, FAX : 0548-2220363


संगोष्ठी- NEP-2020 के क्रियान्वयन मे शिक्षकों की भूमिका

रिपोर्ट दिनांक- 07.09.2022

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शिक्षकों की भूमिका विषय पर दिनांक 07/09/2022 को आयोजित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विषय पर बोलते हुए हिंदी विभाग की प्रभारी डॉ. संगीता मौर्य ने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य अत्यंत व्यापक है। इसका उद्देश्य तभी पूरा हो सकता है जब हम अपनी जिम्मेदारियों का सम्यक रूप से निर्वहन करेंगे । यह एक दूरगामी शिक्षा व्यवस्था है जो तकनीकी कौशल के साथ-साथ युवाओं को आत्म निर्भर बनने के लिए प्रेरित करता है । कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए जन्तु विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. दिवाकर मिश्र ने नई शिक्षा नीति को राष्ट्रीय उत्थान के लिए आवश्यक माना तथा इस बात पर जोर दिया कि बदलते समय के अनुरूप हमें आवश्यक जानकारी और तथ्यों से अपने को अपडेट करते रहना होगा । अब एक बार का पढ़ा पूरे जीवन काम नहीं आयेगा । भूगोल विभाग के प्रभारी डॉ. संतन कुमार राम ने अपने वक्तव्य में नई शिक्षा नीति को बदलते परिवेश की जरूरत बताया । उन्होंने यह भी क़हा कि नई शिक्षा परम्परागत शिक्षा की बजाय रोजगार परक शिक्षा पर जोर देती है। उन्होंने इस पर विस्तार से बोलते हुए कहा कि अब शिक्षा क्लास रूम, किताब के अलावा डिजिटल माध्यम से प्रदान करने की जरूरत पर जोर देती है। नई शिक्षा नीति ने ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की जरूरत को समझा है ।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.सविता भारद्वाज ने कहा कि हम इस नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन करने वाले पहले महाविद्यालय हैं। उन्होंने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि नई शिक्षा नीति ने हमें नये उत्तरदायित्व और नए अवसर प्रदान किया है जिसका यह महाविद्यालय परिवार सम्यक रूप से निर्वहन करने में सक्षम है । इस संगोष्ठी का सफल संयोजन और संचालन करते हुए डॉ. निरंजन कुमार यादव ने कहा कि एक बड़े दायित्व के रूप में नई शिक्षा नीति ने शिक्षा जगत में एक नए आयाम को जन्म दिया है जिसकी परवरिश हमारी क्षमता को बढ़ाते हुए सतत रूप से प्रयत्नशील रहने की होगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. शिवकुमार ने नई शिक्षा नीति को बच्चों की बदलती मनोवृत्ति के अनुकूल बताया तथा यह भी कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही हम अपने युवाओं के अंदर अपने देश के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना को सहज रूप से विकसित कर सकते हैं । इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

Chairman
Internal Quality Assurance Cell
Rajkiya Mahila P.G. College
Ghazipur (U.P.)

प्राचार्य
राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गाजीपुर-233001